### एक नजर में

## 562.1 मिलीमीटर औसत बारिश की दर्ज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में एक जून से 10 जुलाई तक 562.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 10 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 780 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 390, बल्देवगढ़ में 498, खरगापुर में 538, जतारा में 455, मोहनगढ़ में 603, लिधौरा में 461 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 722 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।**

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 10 जुलाई तक 45.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 37 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 36, बल्देवगढ़ में 75, खरगापुर में 40, जतारा में 46, मोहनगढ़ में 10, लिधौरा में 60 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 58 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं एक जून से 10 जुलाई तक 562.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 10 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 780 मिलीमीटर दर्ज की गई है।

# ठंडे बस्ते में पहुंचा 16 लाख की रिकवरी का मामला

**पूर्व सरपंच एवं सचिव लगभग दो वर्ष से कार्यवाही से वंचित**


**वर्तमान सरपंच ने आयुक्त, मंत्री एवं जिला प्रशासन से की शिकायत**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/ खरगापुर। जनपद पंचायत बल्देवगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरका पठराई के पूर्व सरपंच एवं सचिव पर उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार की जांच के आदेश 6 सितम्बर 2023 को किया गया था। यह आदेश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जारी कर उसमें उल्लेख किया था कि पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा 16 लाख 40 हजार 348 रुपए की शासकीय राशि का हेरफेर किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ ने सरपंच व सचिव से बसूली एवं उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का आदेश में उल्लेख किया था परंतु शासकीय आदेश की अवहेलना होने के कारण दोनों दोषी कार्यवाही से वंचित बने हुए हैं। इस मामले में वर्तमान सरपंच जयंती लोधी ने आयुक्त भोपाल, पंचायत मंत्री, जिला पंचायत सीईओ के अलावा बल्देवगढ़ जनपद पंचायत के सीईओ से 9 जुलाई को शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।**

शिकायती आवेदन में सरपंच जयंती लोधी ने बताया कि बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत फरका पठराई में वर्ष 2008-09 से 2012-13 तक पूर्व सरपंच हरिश्चन्द्र सिंह एवं सचिव मणिराज तिवारी द्वारा ग्राम में भारी भ्रष्टाचार किया गया है जिसके संबंध में जिले से जांच दल गलित किया गया था। 6 सितम्बर 2023 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बसूली एवं गिरफतारी वारंट का आदेश किया गया किन्तु आज दिनांक तक उस आदेश की अवहेलना की जा रही है। जिससे दोषियों के हौंसले बुलंद है। जिन कार्यों में गड़बड़ी हुई है उसमें पुलिया निर्माण में राशि 1.95,200 रुपए, आंगनबाडी भवन निर्माण फरका बसूली राशि 2.17,880 रुपए, सीसी रोड निर्माण प्रधानमंत्री





सड़क से हल्के कुमार के घर की ओर बसूली राशि 3,38,200 रुपए, सीसी रोड मनीराम के घर से कूरा बुनकर के घर की और बसूली राशि 3,30,668 रुपए, सामुदायिक भवन निर्माण फरका बसूली राशि 2,46,400 रुपए एवं चेक डेम निर्माण पठराई बसूली राशि 2,46,400 रुपए की बसूली जानी थी जो आज तक नहीं की गई। यह जानकारी वर्तमान सरपंच जयंती लोधी ने शिकायती आवेदन देते हुए दी है। उन्होंने इस मामले में बताया है कि पूर्व सरपंच रसूखदार व्यक्ति है जिसके चलते पूर्व सरपंच एवं सचिव पर जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे है। हालांकि इस मामले में जिला सीईओ ने इस मामले की जांच के लिए जांच दल का गठन किया था मगर जांच दल ने क्या जांच की इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका जिसके चलते वर्तमान सरपंच जयंती लोधी ने शिकायत कर कार्यवाही चाही है।

**मामले को रफा-दफा करने में लगे जिम्मेदार**

**ग्राम पंचायत फरका पठराई के पूर्व सरपंच एवं सचिव पर उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार की जांच के आदेश 6 सितम्बर 2023 को किया गया था। यह आदेश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जारी कर उसमें उल्लेख किया था कि पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा 16 लाख 40 हजार 348 रुपए की शासकीय राशि का हेरफेर किया गया है। इतनी बड़ी रिकवरी के मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जिससे कार्यवाही के नाम पर मामला सिफर नजर आता दिखाई दे रहा है।**

## श्रावण मास शुरू होते ही किया भगवान का जलाभिषेक



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में श्रावण मास का पहला दिन श्रद्धालुओं की भीड़ के साथ शुरू हुआ। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। सुबह 6.30 बजे आरती के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का गर्भ गृह खोल दिया गया। जहां दिन भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा।**

मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष लाइन व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ पुलिस बल भी तैनात है। सीसीटीवी कैमरों से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। इस दिन करीब 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

दोपहर 12 बजे के बाद मंदिर परिसर की रसोई में प्रसाद वितरण हुआ। श्रद्धालुओं को 40 रुपए के कूपन पर भरपेट भोजन मिलेगा। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक पस्तोर के अनुसार, भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं मंदिर के पुजारी ने बताया कि पूरे मास इसी प्रकार से कार्यक्रम संपादित किए जाएंगे तथा श्रावण सोमवार को विशेष आयोजन किए जाएंगे। जिसमें भक्त धर्मलाभ प्राप्त कर सकें।

# आरोपी को गिरफ्तार कर किया खुलासा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के नारगुड़ा रेलवे पुल के पास हुई हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वारदात के आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है।**





पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी सीताराम ससत्या ने बताया कि 9 जुलाई को दलित बस्ती रेलवे पुल के पास एक शव मिला था। मृतक की पहचान माडूमर निवासी 38 वर्षीय पुष्पेंद्र लोधी के रूप में हुई। शव की जांच में पता चला कि सिर और मुंह पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। एसडीओपी राहुल कटरे और देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव के नेतृत्व में टीम ने जांच की। लोगों से पूछताछ में पता चला कि घटना की रात पुष्पेंद्र को राजेंद्र राजपूत के साथ देखा गया था। इस पर पुलिस ने राजेंद्र से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपी ने बताया कि 8 जुलाई की रात करीब 8 बजे मैं और पुष्पेंद्र दोनों शराब पी रहे थे। इस दौरान पुष्पेन्द्र ने मेरी पत्नी के बारे में अश्लील टिप्पणियां कीं। इस बात पर दोनों में विवाद हुआ। गुस्से में आकर उसने पुष्पेंद्र को धक्का दिया। फिर पास पड़े पत्थर से उसके सिर और मुंह पर वार किए। इससे उसकी मौत हो गई। आरोपी राजू उर्फ राजेंद्र राजपूत 39 वर्षीय है और वर्तमान में नारगुडा दरवाजा टीकमगढ़ का निवासी है।

# अभद्र टिप्पणी के चलते सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोशल मीडिया पर जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला सामने आया है। अमर शहीद युवा संगठन के सदस्यों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है।**

संगठन के जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह के अनुसार लखन उर्फ मुक्के कुशवाहा ने अपनी फेसबुक पर विवादित पोस्ट की है। इस पोस्ट में क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज और बजरंग दल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है।

शिकायत में बताया गया कि लखन कुशवाहा और कुछ अन्य लोगों ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर ठाकुर, ब्राह्मण समाज, बजरंग दल और करणी सेना के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। आवेदकों ने आरोप लगाया है कि इस तरह की पोस्ट से समाज का वातावरण खराब हो रहा है।

शिकायतकर्ताओं ने विवादित ऑडियो-वीडियो की कॉपियां भी अपने आवेदन के साथ दीं हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं क्षत्रिय, ब्राह्मण समाज-बजरंग दल के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर फेसबुक पर विवादित पोस्ट की है। दरअसल इन दिनों अभद्र टिप्पणी करने के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। जैसे ही पुलिस के संज्ञान में यह मामले पहुंच रहे हैं तो तुरंत पुलिस जांच कर संबंधितों पर कार्यवाही को अंजाम दे रही है।

# लोक निर्माण मंत्री ने दी विभिन्न मार्गों को स्वीकृति

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अब ऐसा लगने लगा है मानो केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा का सर्वांगीण विकास कराने के लिए कमर कस ली हो।**

पूर्व में श्री सिंधिया ओरछा रेलवे स्टेशन पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की स्वीकृति, श्रीराम राजा मंदिर से ओरछा तिगैला तक मार्ग के पुनर्निर्माण की स्वीकृति, आजादपुरा के पास रेलवे क्रासिंग पर सीमित ऊंचाई वाले सब-वे (रेलवे अंडर ब्रिज) की स्वीकृति दिला चुके हैं और अब निवाड़ी जिले के जेरोन-नैगुवां, कामदवारा, बासवान, रमपुरा मार्ग जिसकी लंबाई 39 किलोमीटर है और लगत (11180 लाखों में) जो मुख्य जिला मार्ग है एवं मध्य प्रदेश को उत्तर प्रदेश से जोड़ता है की स्वीकृति भी दिला दी है।

उक्त मार्ग वर्तमान में मात्र 3 मीटर छोड़ा हैं जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। विगत दिनों उक्त मार्ग के उन्नयन के साथ ही चौड़ीकरण के लिए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह लिखा था। उक्त मार्ग की स्वीकृति मिलने पर भाजपा नेता विकास यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं लोकनिर्माण मंत्री



राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। अब ऐसा लगने लगा है मानो केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी ओरछा का विकास कराने के लिए कमर कस ली हो।

## शासकीय निर्माण के लिए भूमि हुई आवंटित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य एवं यंत्रिकी विभाग को शासकीय भूमि का आवंटन किया गया है। तदनुसार कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग उपखंड टीकमगढ़ को जल जीवन मिषन अंतर्गत टंकी एवं कुओं के निर्माण हेतु ग्राम हीरापुर नजदीक सरकनपुर में शासकीय भूमि का आवंटन किया।**

श्री श्रोत्रिय ने स्कूल शिक्षा विभाग के लिये शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण हेतु ग्राम दरगांय कला में तथा शासकीय हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु ग्राम रमपुरा उर्फ निबावरी तहसील पलेरा में शासकीय भूमि आवंटित की गई। स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य एवं यंत्रिकी विभाग को शासकीय भूमि का आवंटन किया गया है।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा मुक्तिधाम

**नवभारत न्यूज,हरपालपुर। नगर से करीब दो किमी दूर स्थित राठ रोड पर नगर का इकलौता मुक्तिधाम उपेक्षा के बीच गंदगी घास झाड़ियां खतपतबार से सराबोर है, यह मुक्तिधाम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।**





सरकार की अतिमहत्वाकांक्षा योजना स्वच्छता अभियान को तिलांजली देकर यहां फैली गंदगी अव्यवस्था पर किसी का ध्यान नही जा रहा, न ही यहां की साफ-सफाई की जा रही है। अंत्येष्टी पर आने वाले लोगों को मुक्तिधाम की दुर्दशा का आभास होता है मुक्तिधाम में हर तरफ खरपतवार झाडियों, घास-फूंस और जगह-जगह बिखरी पडी गंदगी के बीच बैठने की व्यवस्था भी नसीब नही है। धूप व बारिश में लोगों को खडे होकर ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है, नगर के इकलौते मुक्तिधाम के लिए शहर से होकर रेलवे क्रांसिग पार कर जाना पड़ता है इस बीच ट्रेन के आने पर लोगों को काफी समय तक ट्रेन के गुजरने और फाटक खुलने का इंतजार करना पडता है। नगर जागरूक नागरिकों ने यहां के जनप्रतिनिधियों शासन-प्रशासन के अधिकारियों सहित नगर परिषद से शहर की बढ़ती आबादी के बीच नए बाईपास रोड पर दूसरा मुक्तिधाम बनाने की मांग उठाई है। नगर से करीब दो किमी दूर स्थित राठ रोड पर नगर का इकलौता मुक्तिधाम उपेक्षा के बीच गंदगी घास झाड़ियां खतपतबार से सराबोर है, यह मुक्तिधाम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। मुक्तिधाम की दुर्दशा को लेकर नगर के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है जिससे लोग संबंधित विभाग को निशाना बना रहे हैं।

# कलेक्टर ने मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम में किया पौधरोपण

**एक पेड़ माँ के अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम**

**नगर पालिका सीएमओ ने भी रोपा पौधा**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत गुरूवार को मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम में हरित क्षेत्र के विस्तार, पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने, पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे।**



पौधरोपण के बाद कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करते है। वृक्षारोपण से मिट्टी का कटाव रुकता है और जल संरक्षण में भी सहायता मिलती है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के इस युग में, वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है जो हमारे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ बनाये रखने में सहायक है। हमें इसके विभिन्न लाभों और महत्व को समझना चाहिए। श्री श्रोत्रिय ने सभी जिलेवासियों से अपील की कि पर्यावरण संरक्षण हेतु आप सभी जिलेवासी एक पेड़ अवष्य लगायें। क्योंकि पौधरोपण से बच्चों और युवाओं में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ती है, और वे पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को भी अच्छे से समझते हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत गुरूवार को मातृ-पितृ छाया वृद्धाश्रम में हरित क्षेत्र के विस्तार, पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने, पर्यावरण एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे। सीएमओ ओमपाल भदौरिया ने इस अवसर पर कहा की हम सभी को इस अभियान को सफल बनाने के लिए एक वृक्ष अपनी मां के नाम लगाने का संकल्प लेना चाहिए जिससे जब वृक्ष अपना सही आकार ले लेंगे तो पर्यावरण का माहौल संतुलित बना रहेगा और आमजन लाभांवित होंगे।

**परेशानी** — छात्रों के अभिभावकों ने प्रशासन से की निदान की मांग

# प्राथमिक स्कूल परिसर में पानी भरने से पढ़ाई प्रभावित, छात्र परेशान

**नवभारत न्यूज पलेरा। क्षेत्र के रमपुरा निवाउरी गांव में बारिश होने पर विद्यालय में पानी भर जाता है। यहां जल निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। जिससे बारिश के बाद भी पानी भरा रहता है। ऐसे में स्कूल खुल गए हैं, और पढ़ाई करने के लिए छात्र आते-जाते हैं। पानी से होकर छात्रों को कक्षा तक पहुंचना होता है। इसके अलावा शौचालय, हैंडपंप पर पानी पीने के लिए भी छात्रों को विद्यालय प्रांगण में बारिश से भरे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों को दिक्कत हो रही है।**





बारिश के मौसम में स्कूली छात्रों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है, लेकिन स्कूल के जिम्मेदार इंतजाम नहीं कर रहे हैं। बताया गया है कि नगर से करीब 12 किलोमीटर दूर खरगापुर मुख्य सड़क पर स्थित ग्राम पंचायत रमपुरा निवाउरी की शासकीय प्राथमिक शाला में शुक्रवार को हुई तेज बारिश का पानी चारों ओर से भर गया। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या हर वर्ष देखने में आती है। स्कूल भवन के सामने मुख्य सड़क ऊंची होने से पानी बाहर नहीं निकल पाता। पिछले साल भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। गौरतलव है कि मध्य प्रदेश की मोहन सरकार पूरे प्रदेश में सर्व शिक्षा अभियान चला रही है। स्कूलों को सुधारने के लिए सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके बावजूद स्कूलों की दशा सुधर नहीं रही है। कहीं स्कूल के भवन जर्जर हैं तो कहीं के स्कूल में पानी भरा हुआ है। क्षेत्र के रमपुरा निवाउरी गांव में बारिश होने पर विद्यालय में पानी भर जाता है। यहां जल निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। जिससे बारिश के बाद भी पानी भरा रहता है। ऐसे में स्कूल खुल गए हैं, और पढ़ाई करने के लिए छात्र आते-जाते हैं। पानी से होकर छात्रों को कक्षा तक पहुंचना होता है। इसके अलावा शौचालय, हैंडपंप पर पानी पीने के लिए भी छात्रों को विद्यालय प्रांगण में बारिश से भरे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है। इससे छात्रों को दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या हर वर्ष देखने में आती है। स्कूल भवन के सामने मुख्य सड़क ऊंची होने से पानी बाहर नहीं निकल पाता। पिछले साल भी ऐसी ही स्थिति बनी थी। विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

**जल निकासी का नहीं है इंतजाम**

क्षेत्र के रमपुरा निवाउरी गांव में बारिश होने पर विद्यालय में पानी भर जाता है। यहां जल निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। जिससे बारिश के बाद भी पानी भरा रहता है। ऐसे में स्कूल खुल गए हैं, और पढ़ाई करने के लिए छात्र आते-जाते हैं। पानी से होकर छात्रों को कक्षा तक पहुंचना होता है। इसके अलावा शौचालय, हैंडपंप पर पानी पीने के लिए भी छात्रों को विद्यालय प्रांगण में बारिश से भरे पानी से ही होकर गुजरना पड़ता है।

## 20 तक भूखंडों के लिये मांगे उद्यमी से सुझाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र टीकमगढ़ राजशेखर पांडे ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील टीकमगढ़ का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति 20 जुलाई तक विभाग के पोर्टल पर अपने सुझाव भेज सकता है।**

उक्त औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्यमी प्रस्तावित उत्पाद तथा उत्पाद के दृष्टिगत भूखंडों के आवश्यक साईज के संबंध में अपना सुझाव 20 जुलाई 2025 तक ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजशेखर पांडे ने बताया कि जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

# बारिश से गांव की सड़कें बनी दलदल



**नवभारत न्यूज,हरपालपुर। बारिश से गांव की सड़के दलदल में तब्दील हो जाने से ग्रामीणों का कीचड़ में पैदल चलना संभव नही और न ही कोई वाहन निकल पाता है स्कूल जाने वाले नौनिहालों के कीचड़ से निकलने के दौरान रिपटने से चोटिल हो रहे हैं।**

साईकिल व मोटर साइकिल सवारों का कहना है कीचड़ भरे रास्ते पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं है। ग्राम वासियों का कहना है आपत स्थिति में एम्बुलेंस का पहुंचना मुश्किल हो जाने पर गर्भस्थ स्त्री या गंभीर व्यक्ति को चारपाई पर लाना पड़ता है। वहीं रोजमर्रा के कामों पर प्रभाव पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है गुणवत्ता हीन सड़क निर्माण के बाद सड़क खस्ताहाल होने पर जिम्मेदार विभाग द्वारा इसके रख-रखाव पर ध्यान न देने से बरसात में सड़क दलदल का रुप ले लेती हैं। वहीं गांव के मानवेन्द्र सिंह सहित तमाम ग्रामवासियों ने लोकनिर्माण विभाग उपयंत्री से सीसी सड़क निर्माण की मांग की है इस सम्बंध में उपयंत्री रामदत्त मिश्रा का कहना है मौसम साफ होते पर नगर के गर्ल्स स्कूल रोड, गलान रोड, नाऊ पहारिया, लहादरा, बारवई सड़क मार्ग का दुरुस्त कराया जायेगा।